Regarding water and air pollution in Bhandara ? Gondiya Parliamentary Constituency, Maharashtra- laid

डॉ. प्रशांत यादवराव पडोले (भन्डारा-गोंदिया) : मैं सरकार और पर्यावरण मंत्रालय का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र भंडारा-गोंदिया में जल और वायु प्रदूषण की बढ़ती गंभीरता की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । नाग नदी, जो पहले शुद्ध जल का स्रोत थी, अब औद्योगिक अपशिष्ट और सीवेज से अत्यधिक प्रदूषित हो चुकी है, जिससे गोसीखुर्द बैकवॉटर क्षेत्र के सैकड़ों गांवों में जलजनित रोग, त्वचा संक्रमण और श्वसन संबंधी समस्याएँ बढ़ गई हैं । तिरोड़ा मे स्थित एक निजी Thermal Power Plant से निकलने वाली फ्लाई ऐश और अशोधित गर्म जल के कारण क्षेत्र की भूमि, जलस्रोत और जनस्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है । CSE की 2022 की रिपोर्ट के अनुसार यह देश के सर्वाधिक प्रदूषण फैलाने वाले संयंत्रों में है, जिसका फ्लाई ऐश उपयोग मात्र 55% है, जबकि मानक 100% है । इसके अतिरिक्त, भंडारा-गोंदिया जैसे औद्योगिक क्षेत्र में एक भी रीयल-टाइम AQMS केंद्र नहीं है । NGT के निर्देशों के बावजूद सीवेज ट्रीटमेंट पर ठोस कार्यवाही नहीं हुई है । अतः मैं मांग करता हूँ कि तिरोड़ा संयंत्र का स्वतंत्र पर्यावरणीय ऑडिट कराया जाए, AQMS केंद्र स्थापित हों, जल प्रदूषण पर वैज्ञानिक सर्वे हो और MPCB नियमित सार्वजनिक रिपोर्ट जारी करें ।